हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरुवार, 29 मई 2025

11 एचडी साल्हावास में योग शिविर का हुआ समापन



12 दुर्गावाहिनी लगाएगी महिला शौर्य प्रशिक्षण वर्ग



**खबर संक्षेप**

### रंगदारी मांगने का आरोपी रिमांड पर

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से रंगदारी मांगने की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के लिए आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। लाइनपार थाना प्रभारी कृष्णकांत के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी। उसके फोन पर 17 मई 2025 को किसी ने फोन करके अवैध रूप से पैसों की मांग की थी। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। सहायक उप निरीक्षक मंदीप कुमार की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नरेश निवासी मांडोठी के तौर पर की गई है।

### नशीले सामान के मुख्य सप्लायर सहित दो दबोचे

**बहादुरगढ़।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने नशीले पदार्थ के मुख्य सप्लायर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एचएसएनसीबी की टीम ने गत दस जनवरी को बहादुरगढ़ इलाके में प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शनों के साथ एक आरोपी अंकित को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के दौरान टीम को कुछ अहम सुराग मिले। जिन पर काम करते हुए टीम ने 23 मई को हरीश उर्फ हैप्पी को काबू किया। इसके बाद मामले में वांछित चल रहे दस हजार के ईनामी अवनीत को हरदोई से काबू कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि में सामने आया कि वह फरुखाबाद से नशीले इंजेक्शन लाता था। इसके बाद उसकी निशानदेही पर एएसआई देवेंद्र दलाल की टीम ने फरुखाबाद यूपी जाकर मुख्य सप्लायर मोहन शर्मा तथा इसी चेन में शामिल अतुल अग्निहोत्री को काबू किया। दोनों फरुखाबाद के रहने वाले हैं। बुधवार को पुलिस अवनीत, मोहन शर्मा को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। जबकि अतुल को रिमांड पर लिया है।

### मारपीट व रुपये छीनने मामले में एक गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा साल्हावास क्षेत्र में मारपीट करने व रुपये छीनने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी झाड़ली प्रभारी एएसआई राहुल ने बताया कि आशीष निवासी झामरी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राहुल निवासी मालियावास के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अपराधियों को जिले में सहन नहीं किया जाएगा।

# डिवाइडर पर चढ़ा अनियंत्रित ट्राला, खंभे व तीन वाहन क्षतिग्रस्त



बहादुरगढ़। हादसे के बाद डिवाइडर पर चढ़ा ट्राला। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वेस्ट जुआं ड्रेन मार्ग पर बीती रात को रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक तेज रफ्तारी ट्राले अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और खंभों सहित तीन गाड़ियों को टक्कर मार दी। इतना ही नहीं, एक भवन की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। रफ्तारी ट्राला की वजह से काफी नुकसान हुआ है, गनीमत रही कि कोई नागरिक चपेट में नहीं आया। हादसे के बाद से ट्रक चालक फरार है। घटना रात करीब साढ़े 12 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ड्रेन रोड से एक ट्रक तेज रफ्तार से गुजर रहा था।

दुर्गा कॉलोनी के निकट उसका संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह फुटपाथ पर चढ़ गया और बिजल के खंभे को टक्कर मारने के साथ तीन कारों से टकरा गया। टक्कर लगने से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इतना ही नहीं, यहां मौजूद एक दीवार भी क्षतिग्रस्त हुई है। शोर सुनकर जब लोग बाहर निकले तो मंजर देखकर दंग रह गए। ट्रक के नजदीक गए तो चालक गायब था। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर रातभर भारी वाहन दौड़ते हैं। मार्ग पर ब्रेकर नहीं हैं। इसके अलावा दोनों तरफ आबादी है। आए दिन यहां हादसे होते हैं। इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन बंद किया जाए तथा स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था की जाए ताकि पुनः ऐसे हादसे न हों। इसके अलावा आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।



बहादुरगढ़। ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई कार।

# 19 वर्षीय युवक की पार्क में गला रेतकर हत्या, कुछ समय पहले ही हुई थी शादी

मंगलवार रात को दूध लेने के लिए घर से निकला था, सुबह शव मिला

■ घर न पहुंचने पर रातभर परिजन यंशु को खोजते रहे ■ परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया



बहादुरगढ़। घटनास्थल के निकट विलाप करते यंशु के परिजन।



बहादुरगढ़। मौके पर जांच करने पहुंचे एसीपी प्रदीप कुमार व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के निवासी एक युवक की तेजधार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। युवक का शव बुधवार की सुबह बालोर रोड स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में मिला। परिजनों के बयान पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में सिटी पुलिस, सीआईए सहित कई टीमें जांच कर रही हैं। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने की बात कही जा रही है।



- शहीद भगत सिंह पार्क में बुधवार की सुबह मिला युवक का शव
- सिटी पुलिस, सीआईए सहित कई टीमें मामले की जांच में जुटी

मृतक की पहचान करीब 19 वर्षीय यंशु के रूप में हुई है। यंशु अपने पिता के कामकाज में हाथ बंटाता था। कुछ महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात करीब दस बजे वह दूध लेने के लिए घर से निकला था लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों से उसकी तलाश शुरू की। रातभर उसे ढूंढते रहे लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लगा। बुधवार की सुबह जब लोग शहीद भगत सिंह पार्क में टहलने आए तो वहां दीवार के पास पड़े शव पर किसी की नजर गई। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। भनक पड़ने पर यंशु के परिजन भी वहां पहुंचे तो शिनाख्त हो गई। एसीपी क्राइम प्रदीप कुमार, सिटी एसएचओ दिनकर सिंह आदि भी मौके पर जांच करने पहुंचे। एफएसएल टीम बुलाई गई। तेजधार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या की गई है। शरीर पर अन्य हिस्सों में भी चोट के निशान हैं। शव के निकट काफी खून पड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में ले जाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई।



बहादुरगढ़। घटनास्थल पर पहुंचे परिजन व अन्य।

### फोन बंद आ रहा था

युवकों के साथ था यंशु, तलाश में जुटी पुलिस दयानंद नगर के निवासी दीपक ने कहा कि उनका बेटा रात को दूध लेने गया था। वापस नहीं आया तो कॉल की लेकिन फोन बंद आया। लगातार प्रयास करते रहे। फिर फोन पर एक युवक से बात हुई तो उसने बताया कि मैंने यंशु को पार्क के पास छोड़ा है। जब फोन पर बात हो रही थी तो पीछे से यंशु के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। रातभर हम बेटे को तलाशते रहे। अल सुबह तीन बजे हम भगत सिंह पार्क में आए थे लेकिन यंशु नहीं था। संभवतः सुबह ही उसकी यहां हत्या की गई है। पुलिस जल्द से जल्द हत्यारों को तलाश कर उन्हें सख्त सजा दे। वारदात से आहत परिजनों और परिचितों ने थाने में आकर भी गुहार लगाई। उधर, पुलिस की कई टीमों ने केस को सुलझाने के लिए भागदौड़ शुरू कर दी है। पुलिस उन युवकों को भी तलाश रही है, जो रात के वक्त यंशु के पास थे। पुलिस का कहना है कि गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द मामला सुलझाया जाएगा।

### नशेड़ियों का अड्डे बने शहर के पार्क

**बहादुरगढ़।** शहीद भगत सिंह पार्क में युवक की निर्मम हत्या के बाद शहर के पार्कों के हालातों पर फिर से सवाल उठने लगे हैं। सुरक्षा के लिहाज से लोगों ने पार्कों के हालात सुधारने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई है। दरअसल, बहादुरगढ़ के तमाम पार्कों में शाम ढलते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। नशेड़ी तत्व पार्कों में तरह तरह के नशे करते हैं और जुआं आदि खेलते हैं। इस वजह से न केवल पार्क बल्कि आसपास का माहौल भी खराब हो जाता है। पार्कों में नशेड़ियों को देखकर लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। बहादुरगढ़ में पहले भी पार्कों में हत्या के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा झगड़े होना तो आम बात है। कुछ दिन पहले यहां गोगौरा पार्क में भी कुछ लोगों में झगड़ा हुआ, जिसमें चोट लगने के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई थी। वैसे बहादुरगढ़ के तमाम पार्कों की देखरेख का जिम्मा संस्थाओं को दिया गया है लेकिन उनकी तरफ से भी पार्कों की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। प्रमोद आर्य ने कहा कि बहादुरगढ़ के पार्क हमेशा नशेड़ियों और वारदातों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पुलिस प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देना चाहिए। एक अभियान चलाकर नशेड़ियों के खिलाफ सख्ती की जाए और पार्कों को सुरक्षित बनाया जाए। न केवल पुलिस, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों की भी ये जिम्मेदारी बनती है कि वे पार्कों की सुरक्षा के लिए गंभीर हों।

### बाइक की टक्कर से सफाईकर्मी की मौत, युवक घायल

**बहादुरगढ़।** मंगलवार देर रात को नाहरा-नाहरी रोड पर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सफाई कर रहा एक कर्मचारी रफ्तारी बाइक की चपेट में आ गया। हादसे में सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल है। इस संबंध में आरोपी बाइक सवार पर केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वहीं, साथी कर्मचारियों ने मृतक कर्मचारी के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई है।मृतक की पहचान जगबीर के रूप में हुई है। जगबीर मूलतः बाबेपुर सुबाना से था। फिलहाल यहां झज्जर रोड स्थित छोटूराम पार्क में रह रहा था। नगर परिषद में अधीन ठेके पर सफाई कर्मचारी था। जानकारी के अनुसार, जगबीर अपने कुछ साथियों के संग मंगलवार की रात को नाहरा नाहरी फ्लाईओवर के पास सफाई कार्य कर रहा था। इसी दौरान तीव्र गति में एक बाइक वहां आई। जगबीर बाइक की चपेट में आ गया। हादसे में जगबीर और बाइक चालक, दोनों को गंभीर चोट आई। काम कर रहे अन्य सफाई कर्मचारियों ने राहगीरों की मदद से दोनों को संभाला और अस्पताल ले गए। जहां जगबीर को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि बाइक सवार को रेफर कर दिया गया।

- साथी कर्मचारियों ने पीड़ित परिवार की मदद करने की मांग उठाई

#### पुलिस ने केस दर्ज किया

बुधवार को परिजनों और साथी कर्मचारियों के बयान लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया। साथी कर्मचारियों ने जगबीर की मौत पर दुख जताया है। रात से लेकर दोपहर तक काफी कर्मचारी अस्पताल में रहे। कर्मचारी जगबीर के परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग पर अड़ गए।

# योग को जन-जन से जोड़े, इसे जन आंदोलन बनाएं : उपायुक्त

■ मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वीसी से की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। जिला व ब्लॉक स्तर पर योग दिवस को लेकर भव्य आयोजन किया जाए जिसमें अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वीसी उपरांत अधिकारियों को संबोधित करते हुए दिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार योग को योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 29 मई को स्कूलों में, एक जून को पुलिस लाइन, नौ जून को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, ग्यारह जून को सिविल अस्पताल, बारह जून को तकनीकी संस्थानों, पंद्रह जून को स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे। वहीं 16 जून को योग संगोष्ठी, 17 जून को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालयों, 18 जून को एनटीपीसी झाड़ली तथा 19 जून को गांवों में योग जन जागरण यात्रा आयोजित होंगे व 20 जून को फाइनल रिहर्सल आयोजित होगी और 21 जून को जिला व ब्लॉक स्तर पर योग दिवस पर भव्य आयोजन होंगे।




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, गहने भी ले गए, शिकायत पर केस

**बहादुरगढ़।** गांव इस्सरहेड़ी में एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने, सोने के गहने उतरवाने का मामला सामने आया है। महिला ने अपने ही परिवार के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला का कहना है कि मेरे पति का अपने दो सौतेले भाइयों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। कोर्ट का फैसला हमारे हक में आ गया था। इसी वजह से वे लोग हमसे रंजिश रखते हैं। उसी रंजिश में वे हमारे घर पर आए और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। इस वारदात में दोनों देवरों की मां और एक देवर की पत्नी ने भी सहयोग किया। आसपड़ोस के लोगों ने बीच बचाव कराया। उन्होंने सोने की चेन व कानों के टॉप्स भी जबरन ले लिए। जाते जाते धमकी दे गए। उधर, सदर पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपों की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।




- भूमि विवाद में रंजिश का मामला

### पटवारी कार्यालय के गेट पर ताला लटका



बहादुरगढ़। पटवारी आफिस पर लगा ताला दिखाते लोग।

बहादुरगढ़। तहसील परिसर में बुधवार को पटवारी कार्यालय के गेट पर ताला लटका हुआ था। ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने कहा कि तहसील में लोग बहुत परेशान हैं। बुधवार को भी एक पटवारी के आफिस के बाहर ताला लटका देखने को मिला। लोग चक्कर काटते हैं लेकिन उनके काम नहीं हो रहे। एसडीएम को शिकायत करने के बाद लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है। एक पटवारी का तबादला हुआ है। वह जल्द ही सीएम के समक्ष इस समस्या को रखेंगे।

### कार का शीशा तोड़कर 25 हजार रुपये निकाले

**बहादुरगढ़।** शहर की सड़कों पर गाड़ियां सुरक्षित नहीं हैं। मौका मिलते ही चोर गाड़ियों के शीशे तोड़कर सामान साफ कर देते हैं। अब यहां नजफगढ़ रोड पर बालाजी मंदिर के निकट वारदात हो गई। यहां एक गाड़ी का शीशा तोड़कर 25 हजार रुपये सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया गया। सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नजफगढ़ की निवासी खुशबू ने कहा है कि वह अपनी बहन और भांजी के साथ बहादुरगढ़ में स्थित हनुमान मंदिर में आई थी। नजफगढ़ रोड पर बस क्यू शेलटर के पास हमने अपनी गाड़ी खड़ी की और दर्शन के लिए मंदिर में चले गए। इसी दौरान वारदात हो गई। जब कुछ देर बाद वापस आए तो कार की कंडक्टर साइड का पिछला शीशा टूटा हुआ था। गाड़ी में रखा मेरा बैग नहीं मिला। बैग में करीब 25 हजार रुपये, पेन कार्ड, डीएल, व डेबिट कार्ड आदि दस्तावेज थे। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। उधर, सिटी पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बढ़ती आपराधिक वारदातों पर चिंता जताई

**बहादुरगढ़।** इलाके में बढ़ती आपराधिक वारदातों पर इनेलो नेता व पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने चिंता जताई है। बहादुरगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। प्रत्येक वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है।



भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने कहा कि बहादुरगढ़ में भी आए दिन अपराधिक वारदातें बढ़ रही हैं और व्यापारी सहित तमाम वर्ग भय के साए में हैं। बुधवार को भी शहर के शहीद भगत सिंह पार्क में एक युवक का शव मिला, जिसकी निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। यही नहीं इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रहे नफे सिंह राठी की हत्या के बाद से बहादुरगढ़ में लगातार अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। फिरौती, हत्या, लूट जैसी वारदातों में इजाफा देखने को मिल रहा है, लेकिन लचर कानून व्यवस्था के कारण अपराधी पुलिस पकड़ से बाहर हैं।

## पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन में वेलफेयर मीटिंग का आयोजन

# वेलफेयर मीटिंग का उद्देश्य पुलिस कर्मियों व उनके परिवारो की भलाई सुनिश्चित करना : राजश्री सिंह

- पुलिस कर्मचारियों को विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए जिला पुलिस आयुक्त। फोटो :हरिभूमि

बुधवार को स्थानीय पुलिस लाइन परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह की अध्यक्षता में वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पुलिस आयुक्त ने जिले के सभी थाना, चौकी, क्राइम यूनिट व पुलिस लाइन कर्मियों की वेलफेयर से संबंधित समस्याएं सुनीं और निवारण के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लंबी और कठिन होती है उसे हर समय अपने कर्तव्य के लिए तैयार रहना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वेलफेयर मीटिंग पुलिस कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है जहां वे अपनी समस्याओं को साझा कर सकते हैं और अपनी भलाई के लिए मदद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वेलफेयर मीटिंग का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों की भलाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं, सरकारी आवासों व विभाग से संबंधित अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान डीसीपी हैडक्वार्टर एवं क्राइम जसलीन कौर, डीसीपी मयंक मिश्रा, एसीपी अनिल कुमार, एसीपी अखिल कुमार, वेलफेयर इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार, पुलिस लाइन प्रबंधक इंस्पेक्टर विजेंद्र कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### कैदी को कानूनी अधिकारों के प्रति होंगे जागरूक, कैंप होंगे आयोजित

**झज्जर।** सीजेएम एवं डीएलएसए सचिव विशाल ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जस्टिस विदिन वॉल्स - एम्पावरिंग प्रिजनर्स विद लीगल राइट्स विषय पर दो दिवसीय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर दो जून और चार जून को जिला कारागार परिसर में आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में दो जून को दिनेश कुमार कादियान उप एलएडीसी और आशीष सहायक एलएडीसी तथा चार जून को गौतम लुनीवाल उप एलएडीसी और दीपक कुमार सहायक एलएडीसी बतौर रिसोर्स पर्सन कैदियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य जेल में बंद कैदियों को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें न्याय तक पहुंच के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना है।

### पिता के जन्मदिन पर वकील ने बार को दिया 51 हजार का सहयोग

**बहादुरगढ़।** एडवोकेट विक्रम छिल्लर ने अपने पिता शिक्षाविद् अनूप छिल्लर के जन्मदिन पर आइसक्रीम के भंडारे का आयोजन किया। काफी अधिवक्ताओं और आम नागरिकों ने भंडारे में आइसक्रीम का स्वाद चखा। दिल्ली से आए गायक सुरेंद्र आनंद ने देशभक्ति व जन्मदिन के गाने गाकर वकीलों तथा अतिथिगणों को झूमाया।

एडवोकेट विक्रम छिल्लर ने पिता अनूप छिल्लर के 76वें जन्मदिन पर 51 हजार रुपये का सहयोग बहादुरगढ़ बार एसोसिएशन को दिया। सभी ने केक काटकर अनूप छिल्लर को जन्मदिन की बधाई देते हुए दीर्घायु, स्वस्थ व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एडवोकेट विक्रम छिल्लर ने कहा कि पिताजी ने हमेशा मुझे सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। इस अवसर बार उप प्रधान राकेश चंद्र, सचिव कपिल भारद्वाज, पूर्व प्रधान सतीश छिकारा, उमेद दहिया, संजय गुलिया, संदीप गुलिया, कृष्ण मेहरा, अशोक अहलावत, सुमित देशवाल आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। बार के पदाधिकारियों को चेक सौंपते अनूप छिल्लर, विक्रम छिल्लर आदि। फोटो :हरिभूमि




### एक देश, एक चुनाव विषय पर इंटर-स्कूल भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**झज्जर।** एम आर स्कूल हसनपुर में एक देश, एक चुनाव विषय पर इंटर-स्कूल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों से विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी तर्कशक्ति, भाषण-कौशल और समसामयिक विषयों पर विचार प्रकट करने की अद्वितीय क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एम आर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के निदेशक सोमबीर कोडान, मुख्य अतिथि डॉक्टर सुधा यादव पूर्व संसदीय सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। निदेशक सोमबीर कोडान ने विद्यालय की दूरदर्शी शैक्षणिक नीति व विद्यार्थियों को मंच प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि डॉक्टर सुधा यादव ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी को राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही बच्चों में राष्ट्र निर्माण की सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए विद्यालय सत्र पर ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को सही दिशा देने में सफल रहती है। प्रतियोगिता के दौरान भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने एक देश, एक चुनाव विषय पर सारगर्भित, तथ्यपरक और प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। वक्तृत्व कला, भाषा की शुद्धता और प्रस्तुति की गुणवत्ता ने सभी को प्रभावित किया।

### स्वस्थ किशोरी ही स्वस्थ समाज की आधारशिला : सीएमओ



**झज्जर।** अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में किशोरियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, स्वच्छता के महत्व को समझाना और किशोरियों में आत्मविश्वास बढ़ाना रहा। सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने कहा कि स्वस्थ किशोरी ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग और विचार साझा कर यह संदेश दिया कि माहवारी कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक एवं सम्मानजनक जैविक प्रक्रिया है। कार्यक्रमों की प्रमुख विशेषताओं में नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, गोष्ठियां शामिल रही। इन रचनात्मक माध्यमों से छात्राओं को न केवल जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें मंच देकर उनके विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का अवसर भी दिया गया।

## रिलायंस एमईटी ने मनाया विश्व पर्यावरण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रिलायंस मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप तथा रिलायंस फाउंडेशन ने विश्व पर्यावरण पखवाड़ा के अंतर्गत एमईटी सेक्टर दस में पौधरोपण करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अजय बूरा एईई, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बहादुरगढ़ उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने पौधा लगाकर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाना के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि पौधे लगाकर हम पर्यावरण की उत्तम सेवा कर सकते है। उन्होंने क्लाईमेंट चेंज पर भी पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। रिलायंस एमईटी के ओर से सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण तथा इंफा प्रमुख राकेश सिन्हा द्वारा भी सेक्टर दस में पौधारोपण किया गया। रिलायंस की ओर से कर्नल रोमेल राज्याण ने बताया कि पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी विश्व पर्यावरण दिवस पर रिलायंस का लक्ष्य गांवों के पार्क, स्टेडियम, श्मशान घाट तथा अन्य जगहों पर तीन हजार पौधों का पौधारोपण किया जाने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बहादुरगढ़ की ओर से अमित तथा ज्ञानेन्द्र, रिलायंस की ओर से अनिल शर्मा, प्रीति सक्सेना, मनीष राघव, लोकेश कापसे, हनी, शिवकुमार सिंह, बिरेन्द्र सिंह, अक्षय, राजकुमार, संजय सहित अन्य भी मौजूद रहे।




झज्जर। एमईटी सेक्टर दस में पौधरोपण करते हुए एईई अजय बूरा एवं रिलायंस टीम के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



### एचडी साल्हावास में योग शिविर का हुआ समापन

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तत्वावधान में 26 से 28 मई तक सामान्य योग अभ्यासक्रम के तहत 602 विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया गया। जिसमें प्रमुख योग सहायक सुरेंद्र सिंह ने तीन दिवसीय योगाभ्यास में बेहतरीन व सरल तरीके से बच्चों को अनेकों योग सिखाए। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस तीन दिन की ट्रेनिंग में विद्यार्थियों ने चालन क्रियाएं, योगासन सीखकर शारीरिक लाभ उठाया। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने भी तीन दिन तक विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। संस्थान के डायरेक्टर रमेश गुलिया बताया कि योग करने से हम शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे। योग में वह ताकत है, जिससे असाध्य रोग भी ठीक हो जाता है। हमारी भारतीय पद्धति में भारत को विश्व का योगगुरू माना गया है। हमें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए।

## तेरा ही सब तेरा है मुझको भरोसा तेरा है..भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**झज्जर।** बाबा कांशीगिरी मंदिर में 253 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन,पवन कौशिक, देवेश शर्मा, भारत भूषण नंदा, दिनेश दुजाना, राजेंद्र वधवा, पंकज भारद्वाज, आनंद कुमार, रवि यादव, दीपक धीमान, अभिजोत, सुभाष, हर्ष चावला, केवल अग्धी, आशा नागपाल, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, आंचल, प्रिंस सेठी, कमल लता शर्मा, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, शांति कटारिया, विशन वधवा, संतोष हंस, शीला देवी चुघ, नारायणी सरदाना, अनिल छाबड़ा, रमेश लखेरा, उमंग खुराना, सुरेश गाबा सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। वहीं राजेंद्र वधवा ने नाम हो गया है मेरा नाम हो गया है..इस जीवन का मालिक जब से श्याम हो गया है....दिनेश दुजाना ने मैने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नैया डार दई..योगेश रंजन ने शनिदेव सहारा है हम सब ने पुकारा है, तेरा ही सब तेरा है मुझको भरोसा तेरा है.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर वेद बहल पाशु, पदम खट्टर, वीके शर्मा, गणपत राय वर्मा, प्रदीप काठपालिया, बीरबल खत्री, हर्ष कौशिक, योगिता, प्रदीप गुलाटी, विकास नरुला, सतीश चुघ, टिंकू, मीनाक्षी, रुद्र, सक्षम वर्मा, भवित , डिंपल, जितेंद्र, जय प्रकाश, मुकेश सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजन प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालु।



बहादुरगढ़। बच्चों को योगाभ्यास कराती योग सहायक उषा। फोटो :हरिभूमि

### स्कूल में दिया योग का प्रशिक्षण

**बहादुरगढ़।** आगामी योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। योग प्रोटोकॉल शिविर आयोजन किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को गांव सांखोल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन हुआ। योग सहायक उषा द्वारा विद्यार्थियों व स्टॉफ को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही योग के लाभ भी समझाए गए। उषा ने कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है। शरीर बीमारियों से दूर रहता है और सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। इसलिए सरकार भी इसे बढ़ावा दे रही है। आम नागरिक अपनी दिनचर्या में इसे शामिल करें।

## जिले में 12 कॉलेजों में बीकॉम की हैं 1280 सीटें

# वित्तीय ज्ञान और करियर विकास का आधार है बीकॉम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिले के 10 सरकारी और दो एडिड कॉलेजों में बीकॉम का पाठ्यक्रम उपलब्ध है। इन 12 कॉलेजों में बीकॉम की 1280 सीटें हैं। बीकॉम में दाखिले के लिए न्यूनतम योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 40 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।बीकॉम वित्तीय ज्ञान और करियर विकास का आधार है।

**कारोबारी निर्णय लेने की क्षमताः** डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि बीकॉम कोर्स विद्यार्थियों को व्यवसाय, वित्त और अर्थशास्त्र के मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराता है। इसमें एकाउंटिंग, कॉस्टिंग, इनकम टैक्स, वित्तीय प्रबंध और अर्थशास्त्र जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। विद्यार्थी किसी भी कारोबारी निर्णय को व्यावसायिक दृष्टिकोण से आंकने में सक्षम हो जाते हैं और उनकी निर्णय लेने की क्षमता, प्रबंधन कौशल और आर्थिक समझ विकसित होती है।

**प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी**

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि बीकॉम स्नातकों को प्रतियोगी परीक्षाओं में लाभ मिलता है। इस कोर्स में सीखी गई संख्यात्मक योग्यता, सामान्य ज्ञान, कर प्रणाली और अर्थव्यवस्था की समझ, इन परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होती है। साथ ही बीकॉम की पढ़ाई चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, कॉस्ट मैनेजमेंट अकाउंटेंट, चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे व्यावसायिक कोर्सों के लिए भी लाभकारी है। इन कोर्सों के लिए आवश्यक विषय जैसे अकाउंटिंग, टैक्सेशन और लॉ पहले ही बीकॉम में पढ़ाए जाते हैं, जिससे विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करते हैं।



डॉक्टर अमित भारद्वाज, मीडिया प्रभारी

**उच्च शिक्षा के विकल्प**

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि बीकॉम के बाद विद्यार्थी एमकॉम, एमबीए, एलएलबी, एमए (अर्थशास्त्र), बैंकिंग और फाइनेंस में डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इसके अलावा बीकॉम स्नातक कॉर्पोरेट कंपनियों, अकाउंटिंग फर्म्स, बीमा कंपनियों, लॉ फर्म्स, स्टॉक मार्केट, और निवेश संस्थानों में काम कर सकते हैं और अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव, टैक्स असिस्टेंट, इन्वेस्टमेंट एनालिस्ट, फाइनेंशियल कंसल्टेंट या बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर जैसे पदों के योग्य होते हैं।

### किस कॉलेज में हैं बीकॉम की कितनी सीटें

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय नेहरू महाविद्यालय में बीकॉम की 140 सीटें, राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 180, राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 120, राजकीय महाविद्यालय बादली में 80, राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में 80, राजकीय महाविद्यालय छारा में 60, राजकीय महाविद्यालय दुजाना में 60, राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में 80, राजकीय महाविद्यालय बहू में 80, राजकीय महिला महाविद्यालय कुलाना में 80, महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में 160 तथा वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 160 सीटें हैं।

### स्वरोजगार और फ्रीलांसिंग

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि बीकॉम की डिग्री स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित करती है। विद्यार्थी अकाउंटिंग सर्विसेज, जीएसटी कंसल्टेंसी, टैक्स रिटर्न फाइलिंग, बुककीपिंग और बिजनेस कंसल्टेंसी जैसे क्षेत्रों में अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। डिजिटल युग में फ्रीलांसर के रूप में भी घर बैठे अकाउंटिंग, टैली, एक्सेल या क्विक बुक्स जैसी सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**( नोटिस आम जनता )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संजय अग्रवाल पुत्र, अशोक कुमार पुत्र, राजीव कुमार पुत्र, पूनम उर्फ पुष्पा पुत्री संतोष गुप्ता पुत्री, मनीषा पुत्री दया, नीरज पुत्र दया अंकित बंसल पुत्र दर्शना देवी, आशीष बंसल पुत्र दर्शना देवी, प्रियंका बंसल पुत्री दर्शना निवासी कांठमंडी बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3BYQH5H2 Ward No. 19 कॉलोनी काठमंडी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ मे नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज-- से 205 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0185939078 द्वारा अप्लाई किया है। अत: आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3BYQH5H2 वार्ड नं. 19 कॉलोनी काठमंडी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतो सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय मे आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति संजय अग्रवाल (पुत्र), अशोक कुमार (पुत्र), राजीव कुमार (पुत्र), पूनम उर्फ पुष्पा (पुत्री) संतोष गुप्ता (पुत्री), मनीषा पुत्री दया, नीरज पुत्र दया अंकित बंसल पुत्र दर्शना देवी, आशीष बंसल पुत्र दर्शना देवी, प्रियंका बंसल पुत्री दर्शना के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड मे दर्ज कर दि जायेगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, बहादुरगढ़

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ललित मोहन गुप्ता पुत्र श्री प्रेम चंद गुप्ता निवासी फरीदाबाद, अमर नगर, हरियाणा द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3B6RMDT1 Ward No. 13 कॉलोनी आर्य नगर (फ्रेंडस कॉलोनी) जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 160.87 से 190 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. N.A. द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नम्बर 3B6RMDT1 वार्ड नंबर-13 कॉलोनी आर्य नगर (फ्रेंडस कॉलोनी) पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति 3B6RMDT1/190 वर्ग गज प्रार्थी ललित मोहन गुप्ता पुत्र श्री प्रेम चंद गुप्ता के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**सूचना**

मैं, मालती देवी पत्नी अनील प्रसाद निवासी आर.जैड.डी. 230, जय विहार नजफगढ़, साउथ वैस्ट दिल्ली हाल निवासी छोटूराम नगर, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरा पुत्र कृष्ण कुमार व पुत्रवधु मुस्कान छोटूराम नगर, वार्ड नंबर-1, लाईनपार, बहादुरगढ़ मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, प्रियंशु चौहान पुत्र सतीश कुमार निवासी खेड़का गुज्जर तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा 124507 बयान करता हूं कि मेरी जन्मतिथि 29.10.1997 है। मेरा गोत्र चौहान है मैंने अपने सरकारी कागजात व शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज नहीं करवाया हुआ है। मेरे सभी सरकारी कागजात व शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रियांशु पुत्र सतीश कुमार दर्ज है। प्रियांशु चौहान पुत्र सतीश कुमार अलग-2 व्यक्ति ना है। अब मैं अपने आवेदन में प्रियांशु चौहान पुत्र सतीश कुमार दर्ज करवाना चाहता हूं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार, श्रीमती सुनीता, श्रीमती प्रियंका निवासी झज्जर द्वारा एन०डी०सी० हरियाणा पोर्टल पर प्रोपर्टी आई०डी० नम्बर 3J6H3AI4 वार्ड नं0 07. कच्चा बादली रोड, झज्जर जोकि नगर परिषद झज्जर के सम्पतिकर रिकार्ड में नाम का कॉलम रिक्त है व वर्ष 2010-11 के सम्पति कर रिकार्ड में श्री रामेश्वर दास के नाम दर्ज है एवं उक्त सम्पति नं० 3J6H3AI4 में 201 वर्गगज से 206 वर्गगज राजेश कुमार, सुनीता पुत्रीयान रामेश्वर दास व प्रियंका, आशुतोष, रविन्द्र, कमला पत्नी प्रेमकुमार पुत्र रामेश्वर दास के नाम से दर्ज करने हेतू आवेदन प्राप्त हुआ है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति आई०डी० नं० 3J6H3AI4 वार्ड नं0 07, कच्चा बादली रोड पर यदि कोई अन्य हकदार है अथवा उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर-अन्दर नगरपरिषद झज्जर कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति 201 वर्गगज से 206 वर्गगज व राजेश कुमार, सुनीता पुत्रीयान रामेश्वर दास व प्रियंका, आशुतोष, रविन्द्र, कमला पत्नी प्रेमकुमार पुत्र रामेश्वर दास के नाम से नगरपरिषद झज्जर के एन०डी०सी० पोर्टल पर दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद झज्जर की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-सचिव,
नगर परिषद झज्जर।

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी झज्जर**

केस न०. 98/TEH तकसीम
खेवट न0. 815/713
वाका मौजा पाटौदा तह व जिला झज्जर
आगामी तारीख पेशीः 13/6/2025

भारत भुषण नागपाल बनाम रायसिंह आदि

इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार बरखिलाफ फरीक दोयमगण न0. 1,2,3,4,5,6,7,8,9,11,12,13

1. रायसिंह पुत्र श्री रघबीर सिंह पुत्र शम्भु सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद मकान न0. 329, हिमगिरी अपार्टमेंट जे. ब्लाक आउटर रिंग रोड विकासपुरी वेस्ट दिल्ली -110018. 2. श्रीमती सरोज विधवा लखन सिंह पुत्र श्री रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर 3. साधना पुत्री लखनसिंह पुत्र श्री रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी मकान न0. 1614 मुख्य मार्केट के पास सैक्टर 15 सावेर भिवानी, हरियाणा 127042 4. विपिन पुत्र लखन सिंह पुत्र श्री रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद विपिन देवी पत्नी श्री सुरेश निवासी वार्ड न0.15 सुरत पाना, राधा कृष्ण मंदिर के पास गांव व पोस्ट आफिस सावंड, सावेर जिला भिवानी 5. श्रीमती मीना देवी पत्नी संतराज पुत्र धनीराम निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद सैक्टर 86 निवादा-फतेहपुर जिला गुडगांव, मोबाईल न०. 9818758115 6. राजेन्द्र कुमार पुत्र समेसिंह पुत्र रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद पाटौदी, नजदीक कौठी कुलदीप वत्स एम.एल.ऐ. हल्का बादली 7. मन्जु विधवा कविन्द्र पुत्र समेसिंह 8. चंचल पुत्र कविन्द्र पुत्र समेसिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद पाटौदी, नजदीक कौठी कुलदीप वत्स एम.एल.ऐ. हल्का बादली 9. सज्जन पुत्र रायसिंह पुत्र रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद मकान न0. 329, हिमगिरी अपार्टमेंट जे. ब्लाक आउटर रिंग रोड, विकासपुरी वेस्ट दिल्ली -110018. 11. सुनील कुमार पुत्र श्री लखन सिंह पुत्र रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल 12 प्रशांत पुत्र कविन्द्र सिंह पुत्र समेसिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद पाटौदी, नजदीक कौठी कुलदीप वत्स एम.एल.ऐ. हल्का बादली 13. अतुल पुत्र ईशवर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्रार्थीया/फरीक अव्वल ने एक दरखास्त तकसीम खेवट न०. 815/713 वाका मौजा पाटौदा तह व जिला झज्जर बहक उत्तरवादीगण /फरीक दोयमगण के खिलाफ दायर की हुई जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 8/7/2025 लगी हुई है इस इश्तहार द्वारा उत्तरवादीगण / फरीक दोयमगण न0 1,2,3,4,5,6,7,8,9,11,12,13 को उपरोक्त दरखास्त तकसीम से सम्बंधित कोई भी उजर या ऐतराज हो तो दिनांक. 13/6/2025 को उपरोक्त माननीय न्यायलय में असालतन या वकालतन उपस्थित हो सकते है अन्यथा इसके उपरांन्त गुजरने म्यािद फरीक दोयगण के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी ।

यह कि इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार इस न्यायलय से दिनांक 19/6/2025 मेरे हस्ताक्षर वा मोहर सहित जारी किया हुआ है।

हस्ता/-ए.सी.प्रथम श्रेणी, झज्जर

**ब अदालत श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी झज्जर**

केस न०. 99/Teh तकसीम
खेवट न0. 812/707
वाका मौजा पाटौदा तह व जिला झज्जर
आगामी तारीख पेशीः 13/6/2025

भारत भुषण नागपाल बनाम रायसिंह आदि

इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार बरखिलाफ फरीक दोयमगण न0. 1, 3, 5, 7, 8, 10, 12, 13, 14, 15

1. रायसिंह पुत्र श्री रघबीर सिंह पुत्र शम्भु सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद मकान न०. 329, हिमगिरी अपार्टमेंट जे. ब्लाक आउटर रिंग रोड विकासपुरी वेस्ट दिल्ली -110018 3. सतपाल पुत्र उदयसिंह पुत्र श्री रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर 5. योगेन्द्र पुत्र उदयसिंह पुत्र श्री रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर 7. विपिन पुत्र लखन सिंह पुत्र श्री रघवीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद विपिन देवी पत्नी श्री सुरेश निवासी वार्ड न0.15 सुरत पाना, राधा कृष्ण मंदिर के पास गांव व पोस्ट आफिस सावंड, सावेर जिला भिवानी 8. साधना पुत्री लखनसिंह पुत्र श्री रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी मकान न0. 1614 मुख्य मार्केट के पास सैक्टर 15 सावेर भिवानी, हरियाणा 127042। 10. सुनील कुमार पुत्र श्री लखन सिंह पुत्र रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल 12. प्रशांत पुत्र कविन्द्र सिंह पुत्र समेसिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्ज हाल आबाद पाटौदी, नजदीक कौठी कुलदीप वत्स एम.एल.ऐ. हल्का बादली 13. राजेन्द्र कुमार पुत्र समेसिंह पुत्र रघुबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद पाटौदी, नजदीक कौठी कुलदीप वत्स एम.एल.ऐ. हल्का बादली 14. सज्जन सिंह पुत्र श्री रायसिंह पुत्र रघबीर सिंह निवासी गांव पाटौदा तह व जिला झज्जर हाल आबाद मकान न0. 329, हिमगिरी अपार्टमेंट जे. ब्लाक आउटर रिंग रोड, विकासपुरी वेस्ट दिल्ली -110018

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि प्रार्थीया/फरीक अव्वल ने एक दरखास्त तकसीम खेवट न0. 812/707 वाका मौजा पाटौदा तह व जिला झज्जर बहक उतरवादीगण /फरीक दोयमगण के खिलाफ दायर की हुई जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 8/7/2025 लगी हुई है इस ईश्तहार द्वारा उतरवादीगण / फरीक दोयमगण न०.1, 3, 5, 7, 8, 10, 12, 13, 14, 15 को उपरोक्त दरखास्त तकसीम से सम्बंधित कोई भी उजर या ऐतराज हो तो दिनांक. 13/6/2025 को उपरोक्त माननीय न्यायलय में असालतन या वकालतन उपस्थित हो सकते है अन्यथ इसके उपरांन्त गुजरने म्यािद फरीक दोयमगण के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

यह कि इश्तहार मुनादी बजरिये अखबार इस न्यायलय से दिनांक 19/6/2025 मेरे हस्ताक्षर वा मोहर सहित जारी किया हुआ है।

हस्ता/-ए.सी.प्रथम श्रेणी, झज्जर

# नीम वाली कॉलोनी में जलभराव, पैदल निकलना भी मुश्किल, राहगीर परेशान



झज्जर। शहर की नीम वाली कॉलोनी की मुख्य सड़क पर भरा बरसाती पानी। फोटो: हरिभूमि

- गली में पानी भरने से लोगों का जीवन नरकीय
- पार्षद बोले, जल्द बनेगा नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बारिश के बाद शहर के माता गेट क्षेत्र स्थित नीम वाली कॉलोनी में हुए जलभराव के कारण हालात बद से बदतर हो गए है। मुख्य मार्ग पर एक से डेढ़ फीट तक पानी भरा हुआ है। जिसके कारण लोगों को यहां से पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है, वहीं कॉलोनी निवासी घरों में दूबकने को मजबूर है। लोगों का कहना है कि पानी निकासी के लिए यहां नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। लेकिन फिलवक्त नाला ही जी का जंजाल बना हुआ है। नाले का निर्माण कार्य नियमानुसार नहीं करवाया जा रहा है। जिसके कारण परेशानी हो रही है।

### जलभराव पुरानी समस्या

बता दें कि नीम आली कॉलोनी में जलभराव की समस्या वर्षों पुरानी है। बरसात के दिनों में तो यहां के लोगों का जीवन नरकीय हो जाता है। स्थिति यह रहती है कि लोगों को अपने बच्चों की स्कूलों से छुट्टियां तक करवानी पड़ती है और इस क्षेत्र में बनी लोगों की दुकानों का कारोबार बिल्कुल ठप्प हो जाता है।

### जल्द करवाया जाएगा समस्या का समाधान

वार्ड नंबर चार के पार्षद दिनेश छिकारा का कहना है कि फिलहाल नाले का निर्माण कार्य रूका हुआ है। बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था की जा रही है। प्रयास यहीं है कि मानसून से पहले नाले का निर्माण कार्य पूरा करवा दिया जाए, ताकि कॉलोनी निवासियों और आमजन को परेशानियों का सामना न करना पड़े।



बहादुरगढ़। अधिकारियों के साथ नालों के सफाई कार्य पर चर्चा करतीं चेयरपर्सन सरोज राठी। फोटो: हरिभूमि

# बहादुरगढ़ में नालों की सफाई कार्य हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने नगर परिषद कार्यालय में शहर के नालों की सफाई के कार्य को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिए।

चेयरपर्सन ने बताया कि शहर में नालों की सफाई के लिए टेंडर अलॉट हो गया है और सफाई का काम भी शुरू हो गया है। जल्द ही सभी नाले साफ हो जाएंगे ताकि बरसात के समय जल निकासी में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। सरोज राठी ने बताया कि फिलहाल तीन टीमों ने नालों की सफाई कार्य शुरू कर दिया है। अधिकारियों व नाला सफाई करने वाले कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हर वार्ड में नालों की सफाई, संबंधित पार्षद की मौजूदगी में होगी। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि हम भी नालों की सफाई कार्य पर नजर रखते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। नालों की सफाई से पहले तथा सफाई करने के बाद की वीडियो सफाई कर्मचारियों द्वारा बनाई जाएगी। जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि सफाई कैसी हुई है और उससे पहले क्या स्थिति थी। अधिकारी भी नालों की सफाई के कार्य पर अपनी नजर रखें और मौके पर का निरीक्षण करते रहें। पार्षद राजेश तंवर, ईओ संजय रोहिल्ला सहित अन्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# दुर्गावाहिनी लगाएगी महिला शौर्य प्रशिक्षण वर्ग

- 29 मई से पांच जून तक चलेगा कार्यक्रम : ऐलावादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मामले में जानकारी देते विहिप के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

विश्व हिंदू परिषद की युवा महिला विंग दुर्गा वाहिनी द्वारा प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महिपत सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन कॉलेज कांप्लेक्स में होगा। आगामी पांच जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत आज वीरवार से होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला संरक्षक जगदीश ऐलावादी व जिला मंत्री हरज्ञान सिंह ने बताया कि यह वर्ग साप्ताहिक रखा गया है। पूरी सुरक्षा के साथ महिलाओं की देख-रेख में ही यह वर्ग संपन्न होगा। जिले भर से करीब 250 कार्यकर्ताओं को इसे संभालने की जिम्मेदारी मिली है। जिला मंत्री रणबीर ने बताया कि वर्ग में महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए शारीरिक व बौद्धिक दोनों का शिक्षण कराया जाएगा। इस मौके पर विभागाध्यक्ष पीतांबर, जिला संरक्षक जगदीश ऐलावादी, जिला मंत्री हरज्ञान सिंह, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख पंकज व नगर मंत्री रणबीर आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी डीघल में पहली बार सिजेरियन डिलीवरी एवं नलबंदी दोनों रही सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। सिजेरियन यूनिट का शुभारंभ करते हुए अहलावत खाप प्रधान जयसिंह अहलावत। फोटो: हरिभूमि

क्षेत्र के गांव डीघल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार सिजेरियन करवाई गई है। यह डिलीवरी पूरी तरह सफल रही और महिला की नलबंदी की प्रक्रिया भी साथ में की गई। सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने सीएचसी डीघल समस्त स्टॉफ एवं सिजेरियन टीम को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण इलाके में सीएचसी डीघल में सिजेरियन और नलबंदी ऑपरेशन करना ऐसा पहली बार हुआ है जो की क्षेत्र की महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। सिजेरियन यूनिट का शुभारंभ अहलावत खाप प्रधान जयसिंह अहलावत द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को अब स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे जागरूक होकर समय पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें। इस मौके पर डॉक्टर सुभाष चंद्र, डॉक्टर अजय धनखड़, डॉक्टर अंविता, डॉक्टर विशाल, नर्सिंग ऑफिसर सुनीता, नर्सिंग ऑफिसर रीनू, नर्सिंग ऑफिसर नीतू, ओटीए अमित कुमार, अकाउंटेंट भागवत वर्मा, डीईओ मोनिका सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच ने किया प्रदर्शन

**रोहतक।** फाइनेंसरों पर हत्या का आरोप लगाकर बुधवार को राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच के सदस्यों ने डीसी कार्यालय का घेराव किया। संगठन उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर फाइनेंसरों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। इसके अलावा मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी देने की मांग लोगों ने की है। विरोध कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच के राष्ट्रीय संयोजक महेंद्र पांचाल ने कहा कि 9 अप्रैल को संदीप निवासी गांव कासंडी गोहाना सोनीपत, 16 अप्रैल को नरेश जोगी निवासी गांव घड़वाल सोनीपत, कर्मबीर निवासी गांव मदीना महम रोहतक व गांव टिटौली निवासी देवव्रत की हत्या की गई। एक महीने के अंदर 4 जगहों पर फाइनेंसरों द्वारा गरीब लोगों की हत्या की जा चुकी हैं। लेकिन पुलिस द्वारा हत्यारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मृतक के परिजनों को अभी भी फाइनेंसरों की ओर से धमकियां मिल रही हैं। लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

# नई एसएमसी का गठन किया




बहादुरगढ़। सांझी सभा में मौजूद शिक्षक, एसएमसी सदस्य व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

- एबीआरसी सुमन ने एसएमसी के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव दुल्हेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को सांझी सभा का आयोजन किया गया। सभा में विद्यालय प्रबंधन की नई समिति का गठन किया गया। विद्यालय के दाखिलों में वृद्धि करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में क्लस्टर अधिकारी अनीता, प्रिंसिपल रूपकिशोर, सरपंच अमित देशवाल, एसएमसी प्रधान अरुणा और विद्यालय के अन्य अध्यापकों के साथ अभिभावकों ने भी भाग लिया। एबीआरसी सुमन ने एसएमसी के उद्देश्य व भूमिका की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में नई एसएमसी के सदस्यों का चुनाव किया गया।

# बेहतर परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। प्रिंसिपल व शिक्षकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में पीडीएम पब्लिक स्कूल में एक समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कक्षा दसवीं में श्लोक शर्मा ने और बारहवीं में यश दलाल ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए थे। दसवीं में श्लोक शर्मा ने 99, कुणाल राठी ने 93.8, युक्ति जून ने 93.6, देव राठी ने 93.2 तथा तान्या ने 92 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए थे। जबकि 14 अन्य छात्रों ने 90 फीसद अंक हासिल किए। कक्षा बारहवीं में यश दलाल ने 95.2 फीसद अंक प्राप्त करके स्कूल में पहला स्थान पाया। शिवम ने 94.8, जोक्षिता ने 93.8, खुशी ने 93.4, हंसिका ने 92.6, आस्था ने 92.3, इशा हैदर ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मुस्कान, प्राची, प्रिया अंशिका ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल सुमन हुड्डा ने इन सभी बच्चों को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही शिक्षकों को भी उनके सफल मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

# गांवों में जाकर दिया भगवान परशुराम जन्मोत्सव का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम में पहुंचने का न्यौता देते हुए संत सुरेहती और मनीष नंबरदार।

शुक्रवार को गांव पहरावर में मनाए जाने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर ब्राहम्ण समाज के लोग पूरे जोर शोर से तैयारियों में जुटे है। गांव गांव जाकर 36 बिरादरी के लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को श्री ब्राहम्ण महासभा झज्जर के महासचिव संत सुरेहती, मार्किट कमेटी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन मनीष शर्मा नंबरदार ने गांव ऊंटलौधा, नौरंगपुर, छबीली आदि गांवों का दौरा करते हुए परशुराम जन्मोत्सव समारोह का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सीएम नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, कार्यक्रम के संयोजक कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा मुख्य रूप से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। उन्होंने 36 बिरादरी के लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया।

# शिविर में बच्चों को सिखाए योग के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भापड़ोदा व्यायाम शाला में कार्यरत आयुष विभाग की स्वाति देवी द्वारा 26 से 28 मई तक भापड़ोदा गांव के प्राथमिक, राजकीय उच्च और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में योग गतिविधियां कराई गई। तीन दिवसीय इन योग शिविर का मुख्य उद्देश्य जन मानस में योग के प्रति रुझा पैदा करके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।



बहादुरगढ़। स्कूल में बच्चों को कराया जा रहा योग अभ्यास। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# डोर टू डोर जाकर रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याओं की ली जानकारी

## मांगें पूरी न होने से कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- मेडिकल कैशलेस सुविधा का लाभ देने की मांग
- अन्य मांगों को भी जल्द पूरा करे सरकार



झज्जर। संपर्क अभियान के दौरान रिटायर्ड कर्मचारी की समस्या सुनते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

बुधवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ की एक टीम द्वारा गांव दुजाना में डोर टू डोर अभियान चलाकर रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इस दौरान उन्होंने रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और 31 सदस्यों को सदस्यता के फॉर्म भर कर उनको अपनी टीम के सदस्य बनाया। उनकी प्रमुख मांगों में विधवाओं को हर हाल में एलटीसी दी जाए, मेडिकल कैशलेस सुविधा का लाभ दिया जाए, 18 महीने का बकाया एरियर दिया जाए, आठवें वेतन आयोग का लाभ सभी रिटायर्ड कर्मचारियों को दिया जाए आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं देने के बारे में सरकार जो बिल लोकसभा में पेश किया गया है वह बिल्कुल ही गलत है इससे बुजुर्गों को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैशलेस की बुढ़ापे में सभी को जरूरत है यह शीघ्र लागू की जावे कॉम्यूटेशन का पैसा की रिकवरी 10 साल तक करने के आदेश सरकार ने मान लिए थे और रिकवरी बंद भी हो गई थी लेकिन चुनाव होने के पश्चात फिर से रिकवरी शुरू की गई है जोकि सरासर गलत है। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस दौरान मास्टर बलबीर सिंह यादव, कृष्ण लाल दुजाना, ओमप्रकाश, सूरजवीर, कमल सिंह, जगबीर सोलंकी, जयपाल गुढ़ा, मास्टर रमेश जाखड़, मास्टर बलबीर सिंह कोट सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। जनसंपर्क अभियान के दौरान उपस्थित एसयूसीआई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।

# एसयूसीआई कार्यकर्ताओं ने जन समस्याओं को लेकर गांवों में चलाया अभियान

- घरेलू गैस के दाम व टोल टैक्स बढ़ाने का विरोध

**झज्जर।** बुधवार को गांव छुछकवास में एसयूसीआई कार्यकर्ताओं आसपास क्षेत्र के गांवों में लोगों की समस्याओं को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया तथा राष्ट्रपति के नाम जुलाई के अंतिम सप्ताह में दिए जाने वाले ज्ञापन पर हस्ताक्षर करवाएं। करतार सिंह ने कहा कि सरकार ने बिजली के रेट बढ़ा दिए तथा केंद्र सरकार ने घरेलू गैस तथा टोल टैक्स बढ़ा दिए है। वहीं किसानों को फसलों के सही दाम नहीं मिलते तथा भूमिहीन ग्रामीणों को साल भर कोई काम नहीं मिलता है। जिसके कारण आमजन का सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

# डिवाइडर सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ करेंगी चेयरपर्सन

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी द्वारा शुक्रवार को दिल्ली-रोहतक रोड पर मेट्रो के नीचे बने डिवाइडर के सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले काफी समय से मेट्रो के नीचे बने डिवाइडर का सौंदर्यकरण करने की मांग की जा रही थी। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी द्वारा 30 मई शुक्रवार की सुबह परिषद कार्यालय के नजदीक लगभग दो करोड़ रुपये की धनराशि से डिवाइडर के होने वाले सौंदर्यकरण के कार्य का शुभारंभ किया जाएगा।